# अहिल्यादेवी होलकर पुरस्कार प्राप्तकर्ता मंजरी महाजन का सत्कार



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 14 जून-** भाजीबाजार निवासी महिलाओं के विकास के लिए कार्य करनेवाली तथा माई हर्षे शिक्षण प्रसारक मंडल आदर्श प्राथमिक शाला, स्त्री संगठना की पदाधिकारी मंजरी मदन महाजन को हालही में महाराष्ट्र दिन के अवसर पर शासन की ओर से अहिल्यादेवी होलकर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. उनकी इस उपलब्धि पर अभिनंदन पेंढारी मित्र मंडल की ओर से शाल-श्रीफल व मोतीयों की माला प्रदान कर अभिनंदन पेंढारी व उपस्थित मान्यवरों ने सम्मानित किया. इस समय पुरुषोत्तम मुंधडा, दीपक हुंडीकर, अंजली पाठक, शीतल सिंघवी, नरेंद्र तायडे, गोवर्धन गावंडे, अरविंद लुंकड, सतीश देवरे, गणेश भोरे, राधेश्याम यादव, उषा महाजन, संतोष लिनता, सत्यम महाजन ने अपने संबोधन में मंजरी महाजन का अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं.


## जन्मदिन मुबारक



मोहन राऊत धामणगांव रेलवे
समीक्षा राजकुमार अमरावती
गोपाल हरणे अमरावती
ऋषिकेश बघेल मो. 9823708007
सुनील नवले मो. 9623327574
सुशील भगत अमरावती
मुकेश छाबडा अमरावती मो. 8698508225
मनोहर तखवानी अमरावती मो. 9552333460
मोहम्मद अझवार अमरावती मो. 9890119772
मदनलाल गुप्ता 9373954229
प्रिया शेगोकार अमरावती
विहान विपीन गांधी अमरावती
नरेश बोधनी अमरावती
श्रीकांत खापरे अमरावती
एड. अरुण ठाकरे अमरावती
मुकेश मालविय अमरावती
नितिन रोही अंजनगांव सुर्जी
दिगांबर लुंगारे अमरावती
राजु तेलमोरे अमरावती
मदन नेभनानी अकोला
आशिश सातोसे अमरावती
नरेश जयस्वाल अमरावती
आराध्य लांडगे अमरावती
प्रभाकर वरघट अमरावती
पार्थ महेंद्र देशमुख अमरावती
धर्मराज ढहाके अमरावती

आप सभी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
जिनका फोटो आज के जन्मदिन कॉलम में छपा है, वे फोटो कटिंग साहिल ऑप्टीकल में देकर इम्पोटेड गॉगल


# 33 हजार लाड़ली बहनें अब स्थायी रूप से अयोग्य

## पुरुष लाभार्थियों सहित नियमों के विरुद्ध लाभ लेने वालों से राशि की होगी वसूली



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती. 14 जून,** 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण' योजना के तहत जिले में 33 हजार से अधिक महिलाएं अपात्र घोषित कर दी गई हैं. ई-केवाईसी अभियान के बाद 1 करोड़ 66 लाख महिलाएं अनुदान के लिए पात्र पाई गई हैं. सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब ई-केवाईसी के लिए कोई समय-वृद्धि नहीं दी जाएगी. जिले में विभिन्न कारणों से 33 हजार से अधिक महिलाएं अपात्र हो गई हैं.

योजना के अंतर्गत जिले में 7 लाख 20 हजार 635 महिलाओं ने आवेदन किया था. इनमें से वर्तमान में 6 लाख 95 हजार 350 महिलाएं योजना के लिए पात्र हैं. ई-केवाईसी गलत करना, ई-केवाईसी न करना, आयकरदाता होना, चारपहिया वाहन होना, 21 वर्ष से कम आयु, 65 वर्ष से अधिक आयु, महिलाओं के नाम पर पुरुषों द्वारा आवेदन कर लाभ लेना तथा बैंक खाते की गलत जानकारी देना जैसे विभिन्न कारणों से 33 हजार 304 महिलाएं अपात्र ठहरी हैं.

### 33 हजार महिलाएं अपात्र

6 लाख 95 हजार पात्र लाभार्थियों में से 1,472 लाभार्थी 21 वर्ष से कम आयु की हैं, 5,386 महिलाएं अन्य कारणों से अपात्र पाई गई. 65 वर्ष से अधिक आयु की 1,762, पुरुष लाभार्थी 607, चारपहिया वाहन रखने वाली 4,405 तथा आयकर भरने वाली 15,154 लाभार्थी अपात्र घोषित की गई हैं.

### फर्जी लाभार्थियों से होगी वसूली

ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों का फायदा उठाकर कुछ पुरुषों ने स्वयं को महिला दर्शाकर योजना का लाभ लिया. अब ऐसे सभी फर्जी पुरुष लाभार्थियों सहित 15 से 20 माह तक नियमों के विरुद्ध लाभ लेने वालों से शासन राशि की वसूली करेगा.

### इन मानकों पर हुई अपात्रता

योजना के अनुसार परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक होना, चारपहिया वाहन होना, शासकीय नौकरी होना, एक ही परिवार से एक से अधिक महिलाओं द्वारा लाभ लेना तथा ई-केवाईसी न करना अपात्रता के प्रमुख कारण रहे.

### 15 से 20 माह तक लिया लाभ

जांच और ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी होने तक अनेक अपात्र महिलाओं ने शासन को गुमराह कर 15 से 20 माह तक प्रतिमाह मिलने वाली सहायता राशि प्राप्त की.

शासन के आदेशानुसार ई-केवाईसी अभियान चलाया गया. विभिन्न तकनीकी कारणों से जिले में लगभग 33 हजार महिला लाभार्थी अपात्र ठहरी हैं.
– संजय गट, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, अमरावती

### आयकर और आरटीओ का डेटा खंगाला गया

कई महिलाओं ने गलत आय प्रमाणपत्र देकर आवेदन मंजूर कराए थे. इस तरह की गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए शासन ने आयकर विभाग और आरटीओ के डाटाबेस की जांच की है.

### 8 माह तक चला ई-केवाईसी अभियान

योजना में पारदर्शिता लाने के लिए शासन ने ई-केवाईसी अनिवार्य किया था. यह अभियान लगातार 8 से 10 माह तक चलाया गया.

### सात लाख से घटकर छह लाख हुए लाभार्थी

योजना में शुरूआत में जिले की 7 लाख 20 हजार 635 महिलाओं ने आवेदन किया था. ई-केवाईसी अनिवार्य होने के बाद शासकीय आंकड़ों के अनुसार अब जिले में 6 लाख 95 हजार 350 महिलाएं ही पात्र लाभार्थी बची हैं.



# अभिनंदन बैंक : कार्य का भाग्यश्री बानायत ने किया गौरव

## कामकाज के बारे में प्राप्त की विस्तृत जानकारी

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 14 जून-** अभिनंदन बैंक के प्रबंधन मंडल के अध्यक्ष, भारतीय जैन संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनेक सामाजिक कार्यों में मदद करनेवाले सुदर्शन गांग का गोविंद कासट मित्रमंडली पर बडा स्नेह है. डॉ.गोविंद कासट भी उनके प्रत्येक कार्यक्षेत्र के कार्य की अखबारों में आयी हुयी खबरों की कटिंग फाइल के रुप में उन्हें भेंट देते है.

हाल ही में अभिनंदन बैंक को आईएएस भाग्यश्री बानायत ने बैंक की विनती पर भेंट दी. बैंक के अध्यक्ष एड.विजय बोथरा, सुदर्शन गांग तथा संपूर्ण कार्यकारिणी ने शाल, स्मृतिचिन्ह, बैंक की रजत महोत्सवी वर्ष के स्मरणिका आदि प्रदान कर उनका सत्कार किया. इस प्रसंग पर उपस्थित डॉ.गोविंद कासट ने भाग्यश्री बानायत के हाथों अभिनंदन बैंक के कार्यों की अखबारों की कटिंग बडी संख्या में रहनेवाली फाइल प्रदान कर बैंक का गौरव किया. फाइल का स्वीकार एड.विजय बोथरा, सुदर्शन गांग ने किया. इस समय बैंक के सीईओ शिवाजी देठे, राजू बसवनाथे, कवरीलाल ओस्तवाल, नवीन चोरडिया, भरत खजांची, किशोर बोकाडिया, प्रदीप जैन, केतन राऊत, अनिल उमले उपस्थित थे.

# सार्वजनिक बस सेवा के लिए जगह दिलायें- मेराज पठान

## विधायक संजय खोडके से ट्रैवल्स एसोसिएशन की गुहार



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती. 14 जून-** राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक संजय खोड़के को शुक्रवार, 12 जून को अमरावती ट्रैवल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मेराज खान पठान और संगठन के पदाधिकारी और संचालकों ने एक ज्ञापन के माध्यम से बरसों से की जा रही मांग को दोहराते हुए, शासन द्वारा नोटिफिकेशन के अनुसार सार्वजनिक बस सेवा संचालित करने जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई है.विधायक संजय खोड़के ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इस समस्या का समाधान करेंगे और प्रवासियों की सुविधाजनक स्थान पर इस लक्जरी बस संचालकों को जगह दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे. मेराज खान पठान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल में मनोज उल्हे, आश्विन लुल्ला, दिलीप छुटलानी, संदीप छुटलानी, अमोल गेडाम, शहजाद खान, मोहसिन बारी, गजेंद्र भिसे, लोकेश सपकाल, योगेश विश्वकर्मा प्रमुखता से उपस्थित थे.



# आम उत्सव का मनोरथ एवं भव्य दिव्य आरती का आयोजन

## एकादशी पर प्राचीनतम जगन्नाथ मंदिर मनाया गया उत्सव

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती. 14 जून** स्थानीय रंगारी गली स्थित जगन्नाथ मंदिर में एकादशी के पावन पर्व पर भव्य दिव्य आरती एवं आम उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ. भक्तजनों को साबूदाना खिचड़ी, मसाला भात, आमरस एवं सभी भक्तों को आम का प्रसाद वितरित किया गया. अनिल उर्फ अन्ना पुरोहित, कमल पनिया, हेमंत आचार्य, पद्मा आचार्य, संजय छंगाणी, तारा छंगाणी, अंजू छंगाणी, मुकेश छंगाणी (आर्नी), वीणा छंगाणी, रमेश छंगाणी, प्रा. जुगल व्यास, शशि व्यास, श्याम टोमपे, विशाल चांडक, निलेश व्यास, राजू निर्मल, पवन पितलिया, गिरिराज पुरोहित, जगदीश गोयनका, सुनील चौबे, मुकेश छंगाणी, मंजू अग्रवाल, प्रमोद भरतीया, प्रकाश पनिया, पवन छंगाणी, दिनेश व्यास, पदमा झंवर, दर्शन पनिया, नवलकिशोर व्यास, ललित छंगाणी, मनोज कल्ला, शरद माहुलकर, इत्यादि असंख्य भक्तों ने भव्य दिव्य आरती एवं आम उत्सव का आनंद लिया. उल्लेखनीय है क प्रति गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर में भव्य दिव्य संध्या आरती का आयोजन होता है.

# विदर्भ आयुर्वेदिक महाविद्यालय में रक्तदान





## अनेक ने उत्स्फूर्तता के साथ किया रक्तदान

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 14 जून.** मानवी जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण ऐसे रक्तदान के कार्य में अपना छोटा सा योगदान देने के उद्देश से शनिवार, 13 जून को विदर्भ आयुर्वेदिक महाविद्यालय (राष्ट्रीय सेवा योजना संघ), अमरावती तथा एड. ठाकरे एंड एसोसिएट्स, अमरावती द्वारा संयुक्त तौर पर रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ. सुभाषचंद्र वार्ष्णेय की अध्यक्षता में किया गया. इस प्रसंग पर डॉ. रवींद्र वाघमारे, डॉ. निलेश इंगले, डॉ. मंजुषा कालमेघ, डॉ. ज्योती डाखोरे, प्रा. डॉ. प्रशांत विघे, डॉ. नंदकिशोर लोहाणा, डॉ. कुशल झंवर, राजेंद्र महल्ले, जस्सी नंदा, प्रवीण निमगावकर, अतुल किरणे, सचिन अवघड, अली कवसर, महेंद्र भुतडा, सिमेश श्रॉफ, दीपक अनासाने, सुधाकर तेटू, गजानन ठाकरे, संजय ककाले, चेतन पाकधने, श्रीकृष्ण ठाकरे, अनुराधा ठाकरे, कल्पना ठाकरे, हेमलता तेटू सहित अनेक मान्यवर उपस्थित थे. इस शिविर को रक्तदाताओं का उत्स्फूर्त प्रतिसाद प्राप्त हुआ. शिविर में रक्त संकलन प्रक्रिया डॉ. पंजाबराव देशमुख ब्लड बैंक, अमरावती के तकनीकी सहयोग पर की गई.

### इन्होंने किया रक्तदान

इस रक्तदान शिविर में मयूर देव्हाते, प्रा. अभिजित कालबांडे, अतुल किरणे, जतिन अग्राहारी, अंश जैस्वाल, सौरभ वानरे, आदित्य चव्हाण, रुपेश डाखोरे, चिरंजीव मकरे, कमलेश चौधरी, चेतन जाधव, सार्थक गावंडे, समीर विघे, माधुरी चोन्डे, पल्लवी पहाडे, चेतन सपकाल, गणेश डाखोरे, आयुषी लोखंडे, गौरव शर्मा, अभिषेक येणकर, क्षितीज आलेकर, आदित्य रावत, मनोहर बजाज, गणेश रावत, पंकज काले, प्रवीण पाठक, सौरभ सापधरे, एड. अनुजा ठाकरे, एड. निखिल देशमुख, चेतन उजवणे आदि सहित अनेक रक्तदाताओं ने उत्स्फूर्तता के साथ रक्तदान किया. सभी रक्तदाताओं, डॉक्टर्स तथा सहयोग करने वाले सभी मान्यवरों का आयोजकों ने आभार व्यक्त किया. इस रक्तदान शिविर की सफलता को देखकर, समाज में स्वास्थ्य विषयक एहसास जागृत करने में यह उपक्रम निश्चित ही सफल साबित हुआ है.

# तपोवन की सेवाओं से अभिभूत हुए कुशवाह

## सद्भावना भेंट के दौरान 20 हजार रुपए दान, मानव सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 14 जून-** मानव सेवा, पुनर्वास और सामाजिक प्रतिबद्धता की प्रेरणादायक परंपरा को आगे बढ़ाने वाली विदर्भ महारोगी सेवा मंडल की तपोवन संस्था के कार्यों से भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के पश्चिम क्षेत्रीय निदेशक राजेश सिंह कुशवाह अत्यंत प्रभावित हुए. उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ तपोवन का सद्भावना दौरा किया तथा संस्था के सेवा कार्यों के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की.इस अवसर पर श्री कुशवाह ने महान समाजसेवी पद्मश्री डॉ. शिवाजीराव उर्फ दाजीसाहेब पटवर्धन द्वारा लगभग 75 वर्ष पूर्व स्थापित तपोवन संस्था का विस्तृत निरीक्षण किया. कुष्ठरोगियों, दिव्यांगों, निराश्रितों एवं समाज के वंचित वर्गों के पुनर्वास के लिए समर्पित इस सेवा संस्थान के इतिहास, कार्यप्रणाली तथा विभिन्न सामाजिक उपक्रमों की जानकारी उन्होंने विशेष रुचि लेकर प्राप्त की.



संस्था के उपसचिव ऋषिकेश देशपांडे ने उन्हें तपोवन की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा से अवगत कराया तथा विभिन्न उद्योग परियोजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, पुनर्वास केंद्रों और सामाजिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करवाया. तपोवन में संचालित स्वावलंबन, पुनर्वास और समाजोन्मुखी योजनाओं ने श्री कुशवाह को विशेष रूप से प्रभावित कया.इस दौरान उन्होंने संस्था के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. सुभाष गवई के नेतृत्व में समाज के जरूरतमंद, वंचित एवं उपेक्षित वर्गों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि, पद्मश्री डॉ. शिवाजीराव पटवर्धन की दूरदृष्टि, समर्पण और मानव सेवा के संकल्प से स्थापित इस संस्था ने असंख्य लोगों के जीवन में नई रोशनी लाई है और यह समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है. उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, तपोवन केवल एक संस्था नहीं, बल्कि मानवता, सेवा, करुणा और पुनर्वास की जीवंत विरासत है. यहां किया जा रहा कार्य समाज को नई दिशा प्रदान करने वाला है.तपोवन के सेवा कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री कुशवाह ने संस्था को 20,000 रुपए का दान प्रदान किया. इस अवसर पर संस्था की ओर से उनका शाल, पुष्पगुच्छ और पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया.कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. श्री कुशवाह की इस यात्रा से तपोवन के सेवा कार्यों को नई ऊर्जा मिलने की भावना उपस्थित जनों ने व्यक्त की.

### डॉ. सुभाष गवई के नेतृत्व में तपोवन की सफल प्रगति

तपोवन भ्रमण के दौरान भारतीय जनसंचार संस्थान के पश्चिम क्षेत्रीय निदेशक राजेश सिंह कुशवाह ने संस्था के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. सुभाष गवई के नेतृत्व की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, पद्मश्री डॉ. शिवाजीराव पटवर्धन द्वारा स्थापित मानव सेवा के विचारों को प्राचार्य डॉ. सुभाष गवई के मार्गदर्शन में नई दिशा और गति मिली है.उन्होंने कहा कि तपोवन में संचालित पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवा, स्वावलंबन तथा सामाजिक विकास के विविध कार्यक्रम संस्था की निरंतर प्रगति के प्रमाण हैं. समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए किया जा रहा कार्य प्रेरणादायक है और यह संस्था मानवता का एक जीवंत विश्वविद्यालय प्रतीत होती है. श्री कुशवाह ने यह भी कहा कि तपोवन का सर्वांगीण विकास तथा इसके सेवा कार्यों का लगाता